नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक : 14.12.2018

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर, गृह विज्ञान विभाग एवं पिडीलाइट कम्पनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय महिला उद्यमिता विकास कार्यशाला 'सृजन' के समापन अवसर पर पिडीलाइट कम्पनी के कला विशेषज्ञ शिक्षक श्री अनिल प्रजापति ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे अनेक योजनाओं से अवगत कराने की आवश्यकता है। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में लघु, कुटीर एवं घरेलू उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया गया। विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ–साथ घरेलू उद्योग स्थापित करने में आने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में माइक्रो क्रेडिट एवं लघु ऋण प्राप्त करने सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। पिछले चार दिन में आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों में टाई एण्ड डाई, स्टेन्सिल, फ्री हैण्डवर्क, बोर्ड पेटिंग आदि का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बी.ए प्रथम वर्ष की सुश्री श्वेता प्रजापति को प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की सुश्री ललिता गुप्ता को द्वितीय, तथा ग्रामीण प्रशिक्षु सुश्री नीशु को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि बी.ए द्वितीय की सुश्री अम्बिका सिंह बी.ए. प्रथम वर्ष की दिव्या कुमारी एवं एम.काम प्रथम वर्ष की सुश्री नम्रता पाण्डेय ने सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री पल्लवी नायक एवं आभार ज्ञापन सुश्री रचना सिंह ने किया।

महाविद्यालय में ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि ऊर्जा का अनावश्यक व्यय राष्ट्रीयक्षति है। भारत में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 के अन्तर्गत ऊर्जा संरक्षण ब्युरो ऊर्जा उपयोग कम करने के लिए नीतियो और रणनीतियों का विकास कर रहा है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस लोगों को ऊर्जा के महत्त्व के साथ ही बचत एवं बचत के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूक करना है। ऊर्जा संरक्षण का सही अर्थ ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को कम करके ऊर्जा बचत करना है। दैनिक जीवन में उपयोग के बहुत से उपकरण जैसे पंखे, बल्ब, हीटर आदि का आवश्यक उपयोग के पश्चात उन्हें बन्द कर के हम सब आसानी से ऊर्जा का बचत कर सकते हैं।

कार्यक्रम में डॉ. शिवकुमार बर्नवाल, डॉ. राजेश शुक्ल, श्री वागीश राज पाण्डेय, सुश्री श्वेता चौबे, सुश्री नूपुर शर्मा, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. आर. एन. सिंह, डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, सुश्री शालू श्रीवास्तव, डॉ. सौरभ सिंह, श्री सुबोध मिश्र सहित शिक्षक विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी